शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय इंदौर में दिनांक 20.05.2025 को एक दिवसीय सी.डी.ई.कार्यक्रम डायरेक्ट कम्पोसिट इन एस्थिक जोन (स्माईल डिसाईन) पर आयोजित की गई ।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अलका गुप्ता द्वारा बताया गया कि इस कार्यशाला में महाविद्यालय के स्नातकोत्तर छात्र–छात्राओं तथा चिकित्सकों को दांतों की फिलिंग एस्थिक जोन की नवीन तकनीकों एवं मटेरियल के बारे में बताया गया । सी.डी.ई. कार्यक्रम की प्रवक्ता डॉ.तस्नीम शेख ने कम्पोसिट मटेरियल जो कि दांतों में फिलिंग के लिये उपयोग होता है के बारे में व्याख्यान दियो । विभागाध्यक्ष डॉ. सौरभ कुमार गुप्ता कार्यक्रम के आग्रेनजिंग चेयरमेन ने सफल आयोजन तथ फुल डे वर्कशॉप का सफल आयोजन किया । कार्यक्रम में डॉ. हर्ष चन्सोरिया रजिस्ट्रार म.प्र.राज्य दंत परिषद डॉ. अनुज भरद्वाज डी.सी.आई.आब्जरवर सहित महाविद्यालय के विघार्थी एवं चिकित्सक उपस्थित थे ।

कार्यक्रम में हेंडस ऑन भी संपन्न करवाया गया । उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन एवं आभार डॉ. कुलदीप सिंह राणा द्वारा किया गया । कार्यक्रम में डिपार्टमेंट ऑफ कंजरवेटिव डेंटिस्ट्री एवं एण्डोडोंटिक्स के डॉ. अरविंद जैन,डॉ.नीलम विजयवर्गीय,डॉ.डिम्पल जाधव,डॉ.नीलिमा पगारे एवं पी.जी.विघार्थियों द्वारा अहम भूमिका निभायी ।